ओम शान्ति 28-1-17 मधुबन

प्राण प्यारे अव्यक्त बापदादा के अति लाडली सदा अपनी मंसा शक्ति द्वारा श्रेष्ठ वायुमण्डल बनाने वाली देश विदेश की सभी निमित्त टीचर्स बहनें तथा ब्राह्मण कुल भूषण भाई-बहनें

ईश्वरीय स्नेह सम्पन्न मधुर याद स्वीकार करना जी

बाद समाचार, साकार मात-पिता की गोद में पले हुए यज्ञ के आधार स्तम्भ, विश्व सेवा की अनेक नयी-नयी योजनाओं को सदा कार्यान्वित करने वाले, वर्ल्ड रिन्यूवल स्प्रिचुअल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी, बह्माकुमारीज़ के अतिरिक्त महासचिव, हम सबके अति स्नेही वरिष्ठ भ्राता रमेश शाह जी जो कि यज्ञ के एकाउन्ट डिपार्टमेन्ट को व्यवस्थित रूप से चलाने के निमित्त चार्टेड एकाउन्टेन्ट के रूप में सदा अथक बन अपनी सेवायें देते रहें। कुछ समय से आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं था, अहमदाबाद, बॉम्बे में इलाज कराने के बाद ट्रामा सेन्टर शान्तिवन में कुछ दिनों से इलाज चल रहा था। आज 28 जनवरी 2017 को सवेरे 7.23 पर आप अपना पुराना शरीर छोड़ बापदादा की गोदी में चले गये। अपने दैवी परिवार की हर आत्मा के दिल में उनके प्रति सदा आदर सत्कार की भावना रही। क्योंकि वे अपने कुशल मार्गदर्शन द्वारा सबको आगे बढ़ाते रहे।

आज उनके पार्थिव शरीर को अन्तिम दर्शन के लिए पाण्डव भवन के हिस्ट्री हॉल में रखा जायेगा। कल मधुबन, ज्ञानसरोवर, आध्यात्मिक संग्रहालय, ग्लोबल हास्पिटल आदि स्थानों की परिक्रमा कराते हुए शान्तिवन के समीप मुक्तिधाम में उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार शाम 4 बजे किया जायेगा।

ऐसी महान अथक सेवाधारी यज्ञ रक्षक आत्मा को हर ब्राह्मण आत्मा दिल की दुआओं के साथ अपनी स्नेह श्रृद्धांजलि अर्पित कर रही है।